प्रेस नोट

दिनांक:- 11 .11.2023

दीपावली पर्व पर यातायात व्यवस्था

दिनांक 12.11.2023 को जोधपुर शहर में दीपावली पर्व के अवरार पर सुरक्षा एवं यातायात की सुविधा की दृष्टि से यातायात की विशेष व्यवस्था निम्न प्रकार से की गई है:-

गोराधाय छत्री, रेल्वे स्टेशन, जालोरीगेट, कन्दोई बाजार, त्रिपोलिया बाजार, तीजामाता का मन्दिर, घोड़ों का चौक की तरफ से सोजती गेट, आर.आर. तिराहा व नई सड़क की तरफ तथा घण्टाघर से कन्दोई बाजार, सिटी पुलिस तिराहा, सर्राफा बाजार, आडा बाजार, खाण्डाफलसा होते हुए जालोरीगेट तक मुख्य सड़क पर सांय 06:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक किसी प्रकार के वाहनों, हाथ ठैला, बैलगाड़ी व तांगा संचालन की अनुमति नहीं होगी।

सरदारपुरा बी रोड पर वक्त 06.00 पीएम से 11.00 पीएम तक चार पहिया व तीन पहिया तथा वक्त 07.00 पीएम से 11.00 पीएम तक चार पहिया, तीन पहिया व दुपहिया वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

सरदारपुरा बी व सी रोड के तीन पहिया, चार पहिया वाहनों का जलजोग की ओर निकासी होगी। जलजोग से सरदारपुरा की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतया बंद रहेगा।

गोल बिल्डिंग से जालोरी गेट की ओर वक्त 06.00 पीएम से 11.00 पीएम तक तीन पहिया व चार पहिया वाहनों के लिए वन-वे व्यवस्था रहेगी।

व्यापारीगण अपनी दुकान के आगे सड़क पर सामान नहीं लगायेगें तथा ना ही अपना वाहन खड़ा करेंगे। केवल पैदल आने जाने की व्यवस्था होगी। नई सड़क चौराहा व जालोरीगेट चौराहा को क्रॉस कर गुजरने वाला नियमित यातायात पांचवी रोड़ से सरदारपुरा थाना, सरदारपुरा सी रोड़, तारघर, खतरनाक पुलिया, रोटरी चौराहा, रिक्तिया भैरूजी एवं रातानाडा, भास्कर चौराहा, शिवमन्दिर, पुलिस लाईन, के.एन. कॉलेज होते हुए पावटा की तरफ आने जाने की व्यवस्था रहेगी। केवल रेल्वे स्टेशन आने वालों के लिए ऑलम्पिक तिराहा की तरफ से आने-जाने की व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त वाहन चालक वीर दुर्गादास ओवरब्रिज रिक्तिया भैरूजी होकर आ जा सकेगें।

पार्किंग स्थलः-

1. रेलवे स्टेशन पार्किंग स्थल (सिर्फ रेल्वे से सम्बन्धित कार्य हेतु आने वाले वाहन)
2. मोहनपुरा पुलिया के पास सूर्या होटल के सामने पार्किंग स्थल केवल हल्के वाहन
3. उम्मेद स्टेडियम (पुराना स्टेडियम) पार्किंग स्थल हल्के व मध्यम वाहन
4. घोड़ों का चौक केवल दुपहिया पार्किंग
5. पावटा चौराहा पार्किंग स्थल सब्जी मण्डी के सामने नाले की तरफ बड़े वाहन
6. जालोरीगेट चौराहा से चौपासनी रोड़ पर मध्यम व हल्के वाहन
7. नृसिंह दड़ा पार्किंग स्थल केवल दुपहिया वाहन

दीपावली पर रोशनी देखने पैदल आने वाले महानुभवों से अनुरोध है कि वह घण्टाघर से बायीं तरफ की रोड़ से नई सड़क, नई सड़क चौराहा, सोजती गेट, पुरी तिराहा, रेलवे स्टेशन,

आर.आर. मन्दिर, जालोरीगेट, गोल बिल्डिंग व सरदारपुरा बी रोड़ तक जा सकेंगे। इसी तरह सरदारपुरा बी रोड़ से जालोरीगेट से आर आर तिराहा से सीधे मिनर्वा काम्पलैक्स, पुरी तिराहा की तरफ आ सकेंगे। राज रणछोड़जी के मन्दिर से रेलवे स्टेशन की तरफ सामने नहीं जा सकेंगे।

बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, महात्मा गांधी अस्पताल के रूटः—

1. जालोरीगेट से ओलम्पिक तिराहा होते हुए महात्मा गांधी अस्पताल व रेलवे स्टेशन
2. जालोरीगेट से ओलम्पिक तिराहा होते हुए खतरनाक पुलिया, युआईटी चौराहा, लोको रोड़ भाटिया चौराहा होते हुए राईकाबाग बस स्टैण्ड तक आ जा सकेंगे एवं वीर दुर्गादास ओवरब्रिज रिक्तिया भैरूजी होकर भी आ जा सकेगें।
3. शहर के भीतरी भाग से माणक चौक, गुलाब सागर मोड़, पन्ना निवास, हाथीराम का ओडा, मेड़तीगेट, पावटा चौराहा से रोडवेज बस स्टैण्ड आ जा सकेंगे।
4. पावटा से रातानाडा, खतरनाक पुलिया, ओलम्पिक तिराहा होते हुए रेलवे स्टेशन, एमजीएच आ जा सकेंगे।

शहर के भीतरी भाग में यातायात व्यवस्था—

घण्टाघर चौराहा से तीजा माता का मन्दिर, कन्दौई बाजार, कटला बाजार, सिटी पुलिस तिराहा, सर्राफा बाजार, आडा बाजार, खाण्डाफलसा, बालवाडी, जालोरीगेट तक तथा सोजतीगेट से त्रिपोलिया बाजार कन्दोई बाजार तक, सोजतीगेट से घासमण्डी रोड़ कदुस की होटल, तीजामाता का मन्दिर तक मुख्य सड़क पर सभी प्रकार के वाहन, हाथ थैला, बैल व ऊँटगाड़ी के आवागमन प़र पूर्णतया प्रतिबन्ध रहेगा। तथा न ही किसी प्रकार की पार्किंग इन सड़कों पर की जा सकेगी।

अतः शहर के भीतरी भाग में रहने वाले नागरिकों से अनुरोध है कि जरूरी होने पर मुख्य सड़क को छोड़कर अन्य गलियों का आवागमन हेतु उपयोग करे, मुख्य सड़क को सिर्फ कोस कर सकेंगे। त्यौंहार पर खरीददारी करने एवं रोशनी/सजावट देखने आने वाले अपने वाहनों को कालटैक्स, मोहनपुरा पुलिया (सूर्या होटल के सामने), रेलवे स्टेशन से ओलम्पिक रोड़, सत्यम सत्यम मल्टीप्लेक्स के पीछे, जालोरीगेट से चौपासनी रोड़ पर एक लाईन में पार्किंग कर सकेंगे। सेना के मध्यम व भारी वाहनों की पार्किंग खासबाग से हॉस्टल नम्बर 2 तथा पुलिस लाईन के सामने की जा सकेंगी।

आम नागरिकों से अपील कि जाती है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किग स्थल पर ही पार्क करें अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

आम जनता एवं व्यवसाईयों से सहयोग की आकांक्षा के साथ **यातायात पुलिस जोधपुर की ओर से दीपोत्सव पर सभी को कोटि—कोटि शुभकामनाएं।**

(राजेश कुमार कोवत)
पुलिस उपायुक्त
यातायात, आयुक्तालय जोधपुर